
# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जुलाई, 2011 (अंक 210) | July, 2011 (Issue 210)


श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय निदेशक नागपुर के द्वारा वेतन पत्रक बचत दिवस के अवसर पर नागपुर मे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है । साथ ही (बाये से दाये) डॉ. के. एस. पाटिल, प्राचार्य, तिरपुडे कॉलेज ऑफ सोशलवर्क नागपुर और श्री. पद्म सिंह क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश मे वेतन बचत पत्रक दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान का यह प्रयास रहाँ है कि समाज के विभिन्न आय वर्गो को उनकी जरुरत के मुताबिक बचत योजनाएँ उपलब्ध कराई जायें । वेतन बचत पत्रक योजना कार्यरत वेतन-भोगी वर्ग के लिए है जो नियमित रुप से प्रतिमाह बचत करते है । बचत की इस पद्धती के अंतर्गत कर्मचारी अपने नियोक्ता को यह लिखित अधिकार देता है कि वह उसके वेतन से एक नियमित राशि काटकर डाकघर आवर्ती जमा खाता, लोक भविष्य निधि खाता खोले एवं विनिर्दिष्ट डाकघर से एन.एस.सी. आठवा निर्गम खरीदे । इस पद्धतीसे अपने आप नियमित बचत हो जाती है और कर्मचारी को डाकघर जाकर पैसा जमा नही करना पड़ता ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान प्रतिवर्ष 15 जुलाई को वेतन पत्रक बचत दिवस मनाकर वेतन पत्रक बचत योजना के महत्व पर प्रकाश डालता है तथा बचत कर्ता मे और अधिक विश्वास पैदा करता है । इस वर्ष भी राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पुरे देश के क्षेत्रीय केन्द्रो में 15 जुलाई को वेतन बचत पत्रक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वेतन पत्रक बचत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयो, कार्यालयों, प्रतिष्ठानो के प्रयासो की सराहना किया । वेतन पत्रक बचत दिवस का समाचार दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं अन्य प्रिंट मिडिया ने प्रमुखता से प्रचारित किया एक विशेष विज्ञापन इस दिन की महत्वता को दर्शाते हुए डी. ए. वी. पी. नई दिल्ली द्वारा देश के विभिन्न शहरो के समाचार पत्रो मे प्रकाशित किया गया।




श्री. बी. राजुबाबु, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर, श्री. वी. चन्द्रमोहन, मुख्य वित्त अधिकारी, सेनापति व्हाइटली प्रायव्हेट लिमिटेड, अचालु रामानगरम, कर्नाटक राज्य को वेतन बचत पत्रक योजना मे वर्ष 2010-11 मे उत्कृष्ट कार्य करने हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर ने शिकायतो के निवारण हेतु एक खिड़की योजना के अन्तर्गत बैंगलोर मे राज्य स्तरीय समन्वय समिती की बैठक का आयोजन किया

श्री. बी. राजुबाबु, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र की अध्यक्षता मे 24-6-2011 को सभागृह केन्द्रीय सदन बैंगलोर में जमाकर्ता की शिकायतो एवं समस्याओं के निवारण हेतु राज्यस्तरीय समन्वय समिति के बैठंक का आयोजन किया । समिति की बैठक मे डाक विभाग, अल्प बचत विभाग, बैंक संगठन, तथा अल्प बचत अभिकर्ता संघ कर्नाटक राज्य के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । समन्वय समिति कर्नाटक के अध्यक्ष श्री. बी. राजुबाबु क्षेत्रीय निदेशक बैंगलोर ने समन्वय समिति के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत उत्पादों के विभिन्न वितरण माध्यम के संबंध में राज्यस्तरीय समन्वय समिति के अंतर्गत शिकायतो के निवारण हेतु एक खिड़की योजना के महत्व का उल्लेख किया । इस बैठक मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जैसे एच. यू. एफ. मे परिवर्तन, पी. पी. एफ. खाता के स्पष्टीकरण, अभिकर्ता से संबंधित हालही मे हुए संशोधन जैसे नियूक्ती एवं नवीनीकरण, पोलीस व्हेरीफिकेशन, ए. एस. एल. ए. ए. एस-5 कार्ड का सप्लाई करना तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों के द्वारा पी. पी. एफ. और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के बारे मे बैंक के स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाना आदि पर चर्चा किया ।

बैठक में श्री. एस. पी. बेलाड, विभागीय व्यवस्थापक, कॅनरा बैंक बैंगलोर, के सुलोचना, सहायक निदेशक, अल्प बचत कर्नाटक, आर. बी. रामादागी, व्यवस्थापक एस. बी. आई. एल. एच. ओ. बैंगलोर, के. ए. राघव, व्यवस्थापक, इन्डियन ओवर-सीज बैंक, बैंगलोर रथनैह सेट्टी, अध्यक्ष राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ बैंगलोर ने भाग लिया ।




श्री. टी. दासरी, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई वेतन पत्रक बचत दिवस - 2011 के अवसर पर श्री. पी. पी. राजेन्द्रन, मेनेजिंग डायरेक्टर तामिलनाडू, ट्रान्सपोर्ट कारपोरेशन, कोइंकोटूर को स्मृती चिन्ह प्रदान करते हुए दिखाई दे रहें है ।





श्री. क्यू. डी. शाह, उप निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ केन्द्र, श्रीनगर मे अभिकर्ता प्रशिक्षण केंप में संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है । साथ ही श्री एम. असरफ, वरिष्ठ पोस्टमास्टर, श्रीनगर भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ ने घाटी में डाक विभाग के कर्मियों तथा अधिकृत अभिकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर लगाये ।

**राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ ने श्रीनगर में अल्प बचत योजना के पुनर्जीवन श्रृंखला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य उत्पादों की जानकारी देना, नियम, विधान और एजेन्सी सिस्टम के कार्यप्रणाली तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभिन्न उत्पादों की जानकारी देना था जिससे कि डाक कर्मियों एवं अधिकृत अभिकर्ताओं को घाटी में अधिक बचत करने सहायता मिल सके ।**

**कार्यक्रमो के दौरान डाक कर्मियों एवं अधिकृत अभिकर्ता के लिये तंगमार्ग, कुजेर, पहलगाम, अनन्तनाग, श्रीनगर तथा बारामुला क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर लगाये गये । श्री. क्यू. डी. शाह, उपनिदेशक, (पंजाब, हरीयाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू काश्मीर के लिए) ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो में वित्तिय साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया । प्रतिभागियों को प्रशिक्षित इस उद्देश से किया गया जिससे कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार के वित्तिय साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने से उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके । इस शिबिरो का आयोजन डाक विभाग के सहयोग से घाटी मे किया गया ।**




राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली केन्द्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री. ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली, ओवर-सिज बैंक के कर्मचारियों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है ।

## जून 2011 तक अल्प बचत संग्रहण

*(करोड़ रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | जून 2010 तक | | जून 2011 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5497.37 | 751.39 | 3444.48 | -220.70 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 42.92 | 15.66 | 18.70 | 3.664 |
| 3 | असम | 825.49 | 214.14 | 749.42 | 115.80 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 10.76 | 3.30 | 8.07 | 1.20 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 112.25 | 20.03 | 89.92 | 13.61 |
| 6 | बिहार | 2414.63 | 455.65 | 2288.02 | 270.32 |
| 7 | झारखंड | 1299.44 | 340.43 | 962.62 | 1207.78 |
| 8 | चंडीगढ | 235.90 | 17.71 | 198.50 | 55.52 |
| 9 | दमण एवं दीव | 282.46 | 97.17 | 22.53 | 2.14 |
| 10 | दिल्ली | 2637.63 | 390.92 | 1660.26 | -358.74 |
| 11 | गोवा | 200.26 | 46.75 | 131.45 | -0.62 |
| 12 | गुजरात | 4986.15 | 764.19 | 3875.82 | -745.43 |
| 13 | हरियाणा | 1731.00 | 360.86 | 1452.99 | -46.76 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 935.82 | 209.96 | 837.35 | 59.44 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 473.41 | 108.04 | 414.50 | 11.83 |
| 16 | कर्नाटक | 2539.03 | 446.02 | 1808.11 | -392.48 |
| 17 | केरल | 1770.62 | 120.65 | 1549.68 | -99.01 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.67 | 0.08 | 0.63 | 0.13 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1921.48 | 330.41 | 1631.33 | 27.99 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 824.67 | 121.70 | 759.70 | 21.00 |
| 21 | महाराष्ट्र | 5865.68 | 1284.02 | 4261.39 | -328.81 |
| 22 | मणिपुर | 30.56 | -2.52 | 30.98 | 1.68 |
| 23 | मेघालय | 76.85 | 20.51 | 69.31 | 7.83 |
| 24 | मिझोरम | 35.20 | 6.52 | 44.33 | -2.90 |
| 25 | नागालैंड | 18.43 | 6.85 | 11.98 | 0.19 |
| 26 | उड़ीसा | 1173.85 | 311.11 | 954.93 | 53.42 |
| 27 | पुदुचेरी | 55.87 | 19.84 | 26.91 | -10.88 |
| 28 | पंजाब | 2650.69 | 199.20 | 2215.49 | -502.70 |
| 29 | राजस्थान | 2905.65 | 92.18 | 2168.47 | -452.39 |
| 30 | सिक्कीम | 39.30 | 12.07 | 32.55 | 5.94 |
| 31 | तमिलनाडू | 3409.11 | -57.13 | 2531.59 | -394.54 |
| 32 | त्रिपूरा | 227.23 | 60.46 | 146.38 | -2.61 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 5838.15 | 1085.49 | 4717.84 | 165.54 |
| 34 | उत्तरांचल | 908.03 | 226.42 | 818.59 | 64.89 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 8639.01 | 2910.15 | 5925.15 | 207.44 |
| | कुल | 60615.56 | 10990.21 | 45859.95 | -1261.22 |

टिप्पणी.—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.